हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 30 मार्च 2026
[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]

KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited NIRF 2025 Ranked: 101-150 | 50+ Acre Campus | 130+ Programs | 8000+ Students from 33 Countries | 400+ Recruitment Partners

Where Words Become **Weapons.**

**BA LLB**
**BBA LLB**
**LLB**
**LLM**

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

Specialisations in **LLM** (Select any Two) - Cyber Law, Crime and Torts, Business and Corporate Law, Intellectual Property Rights (IPR), Constitutional & Administrative Law, Labour Law



**Practical Legal Training**
Pro Bono Club
Moot Court
Legal Aid Clinic

BE DIFFERENT! BE BETTER! BE AHEAD!

**Benefits you can avail when you apply early:**

- *Priority program selection*
- *Access to exclusive scholarship opportunities*
- *Preferred hostel room allotment*
- *One-to-one career counselling Session by expert counsellor*
- *Guidance on the latest education policy and curriculum structure*
- *Access to centres of excellence and new-age program information*

**CLAT and LSAT score card accepted**

Top Recruiters:
KPMG, BCG, Deloitte, PWC, Luthra & Luthra Law Offices, Clutch Group, Pangea3

**OUR PROGRAMS**

PHARMACY
**D.Pharmacy**
**B.Pharmacy**
**M.Pharmacy**
**Pharm.D**

ARTS & HUMANITIES
**BA | BA (J & MC) | BSW**
**BA (Lib. Arts) | MA | MSW**
**MA (J & MC)**

COMMERCE
**B.Com.**
**B.Com. Hons.**
(in Banking & Finance)
{Includes GST & Taxation}
**M.Com.**
**M.Com.**
(Banking & Finance)

EDUCATION
**B.P.Ed | B.Ed**
**MA.Ed. | MA.(P.Ed)**

DESIGN
**Bachelor of Fashion Design**
**Bachelor of Interior Design**
**Master of Fashion Design**
**Master of Interior Design**

RESEARCH
**Ph.D.**

LIBRARY SCIENCE
**B.Lib.**
**M.Lib.**

SCIENCE
**B.Sc.**
**M.Sc.**

INFORMATION TECHNOLOGY
**DCA | PGDCA**
**MCA**

YOGA
**Diploma**
**B.Sc.**
**PG Diploma**
**M.Sc.**

MANAGEMENT
**BBA**
**MBA**

ENGINEERING
**Diploma | B.Tech**
**M.Tech**

**NEW-AGE PROGRAMS**

**BBA** (With **FINTECH** as a specialisation) | BCA in **AI & ML** | B.CS & M.CS in **AI & ML and Cybersecurity** | B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science** | BBA in **Film Making** In collaboration with NIRA EDUCOM | B.Tech CS in **AI & ML** In collaboration with IBM Innovation Centre for Education | Master of **Data Science** | BCA Specialisation in **Game Development with AI** | Bachelor & Master of **Animation & VFX**

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

SCAN THE **QR CODE**
To Register for our Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

## खबर संक्षेप

### अर्थ ऑवर डे पर ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा करने की अपील



**भिलाई।** अर्थ ऑवर डे पर ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के लिए जन-जागरूकता अभियान का आयोजन तुलाराम आर्य कन्या विद्यालय दुर्ग में किया गया। संस्था द्वारा महिला दिवस से चलाये जा रहें पखवाड़े के अंतिम दिन आयोजित कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक वीरेंद्र सतपथी, इंद्रजीत सिंह, शहाना कुरैशी, संस्थापक प्रतीक भोई और महासचिव राकेश रत्नाकर उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जब पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे समय में अर्थ ऑवर डे केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि एक सशक्त जन-आंदोलन बन चुका है। जो हमें यह सोचने का अवसर देता है कि हम अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा का कितना अनावश्यक उपयोग कर रहे हैं और इसे कैसे कम कर सकते हैं। वीरेंद्र सतपथी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अर्थ ऑवर डे के अवसर पर अनावश्यक विद्युत उपकरणों को बंद रखें।

पेज 9 का शेष

### निषाद समाज ...

भावना निषाद को हारमोनियम प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने नेत्रहीन बालिका भावना की कुशल हारमोनियम वादन एवं कलात्मक प्रतिभा की सराहना भी की।

### जिले में नहीं ...

पूर्वक 14 बैल ले जा रहे है, इसे भी पुलिस ने गौ सेवकों की तत्परता से दबोचा। इनके साथ मरकामटोला के गौतस्करो को पकड़ा गया है। गौवंशो के साथ पकड़ाए संदिग्ध आरोपियो मे से कुछ को दूसरी बार पुलिस ने पकड़ा है। तीनो मामले में पुलिस जांच जारी है। मामले में थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा ने कहा कुल 56 गौवंश पकड़ाए है उनके साथ 9 तस्करो को गिरफ्तार किया गया है। मामले में जांच जारी है।

### ईंधन की कमी को ...

के अनुसार ही पेट्रोल–डीजल की खरीद करें। अनावश्यक रूप से स्टॉक जमा करने से बाजार में कृत्रिम कमी की स्थिति पैदा हो सकती है, जिससे बचें। प्रशासनिक निगरानी उन्होने कहा कि जिले में कालाबाजारी या अनावश्यक भीड़ रोकने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। साथ ही प्रशासन ने आम जनता से सहयोग का आग्रह किया है ताकि जिले की व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे और किसी भी नागरिक को असुविधा का सामना न करना पड़े।

### साप्ताहिक बाजार में ..

बढ़ती भीड़ और यातायात दबाव को देखते हुए अब स्थायी समाधान की जरूरत महसूस की जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार क्षेत्र में नो-व्हीकल जोन, अलग पार्किंग स्थल, और भारी वाहनों के प्रवेश पर समयबद्ध प्रतिबंध जैसे कदम उठाए जाने चाहिए। साथ ही नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना भी जरूरी है।

## समस्या

### जैन मंदिर के सामने अज्ञात चोरों ने काटे सैकड़ों मीटर केबल

# मुख्य बाजार में बिजली केबल चोरी, चोरों के हौसले बुलंद


हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शहर के हृदय स्थल वार्ड क्रमांक 4 स्थित जैन मंदिर के सामने बिजली खंभे से अज्ञात चोरों द्वारा शुक्रवार की अर्धरात्रि केबल चोरी किए जाने की घटना ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मुख्य बाजार क्षेत्र में हुई इस घटना से स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अज्ञात चोरों ने वार्ड क्रमांक 4 के तीन चार बिजली खंभे से सैकड़ों मीटर केबल काटकर पार कर दिया, जिससे क्षेत्र की विद्युत और फिल्टर पानी की व्यवस्था प्रभावित हुई। घटना की सूचना तत्काल दल्लीराजहरा थाने में दर्ज कराई गई। सूचना मिलते ही नगर पालिका की बिजली सुधारक टीम मौके पर पहुंची और अस्थायी व्यवस्था के बाद नया केबल लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल की। बिजली सुधारक टीम के बेदूराम साहू सहित अन्य लोगों ने बताया कि अज्ञात चोरों के द्वारा लगातार विद्युत खंभे से केबल चोरी किया जा रहा है। जिसकी वजह से काफी परेशानी हो रही है हालांकि सीसी कैमरे में कैद तस्वीरों को देखा जा रहा है, नगर पालिका के कर्मचारी मरम्मत कार्य किया। व्यस्त सड़क और बाजार के बीच इस तरह की घटना ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है।



लगातार बढ़ रही केबल चोरी की घटनाएं



स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहर में पिछले कुछ समय से केबल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। चोर बेखौफ होकर दिनदहाड़े भी इस तरह की वारदात को अंजाम दे रहे हैं, जिससे साफ है कि उनके हौसले बुलंद हैं। दुकानदार संदीप गोगड़ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हर कुछ दिनों में केबल चोरी की घटना सामने आ रही है। इससे न सिर्फ बिजली व्यवस्था बाधित होती है, बल्कि व्यापार पर भी असर पड़ता है। प्रशासन को इस पर सख्त कदम उठाना चाहिए। एक अन्य राहगीर रामकृष्ण ने कहा कि मुख्य बाजार क्षेत्र में अगर ऐसी घटनाएं हो रही हैं तो शहर के अन्य इलाकों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। रात में पुलिस गश्त बढ़ाई जानी चाहिए।

### सुरक्षा के लिए अतिरिक्त किया जाएगा

नगर पालिका के अधिकारी सीमा बक्शी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही हमारी टीम तुरंत मौके पर पहुंची और नया केबल लगाकर व्यवस्था बहाल कर दी गई है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है और सुरक्षा के लिए अतिरिक्त उपायों पर विचार किया जा रहा है। थाना प्रभारी संतोष भूआर्य ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है और संदिग्धों की तलाश जारी है। लगातार हो रही इन घटनाओं से आमजन में भय और असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि केबल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, रात में गश्त बढ़ाई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि शहर की व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

# पंचायत परिसर और गौठान में लगाए 150 पौधे सूखे, लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

- हरियाली अभियान के तहत लगाए गए थे पौधे, जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

बालोद ब्लाक के ग्राम अरौद में सरपंच व सचिव की लापरवाही के चलते पंचायत परिषर व गौठान में लगाए गए 150 पौधे पूरी तरह सूख चुकी है। यंहा हरियाली मात्र कागजो में ही नजर आ रही है। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से ग्राम पंचायत में हरियाली बिखेरने के लिए शाशन प्रशासन द्वारा बड़ी संख्या में पौधे रोपे गए जो देखरेख नहीं होने से सूख गए। ग्राम पंचायत अरौद को 150 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें आज की स्थिति में पंचायत परिषर व गौठान में एक भी पौधे नजर नहीं आ रहा है।

ज्ञात हो कि, पौधरोपण अभियान के तहत 20 जुलाई को जिले में हरियाली बिखेरने पौधे लगाए गए थे।वही जिले के अन्य पंचायतों को हर गांव में 200-200 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया था। किसी ग्राम पंचायत में यदि तीन गांव हैं तो वहां 600 पौधे लगाए गए हैं। हर पौधे की जिम्मेदारी पंचायत के सरपंच-सचिव को दी गई थी।



सरकार द्वारा पौधों को बड़ा करने के लिए जमकर बजट खर्च किया जाता है। एक पौधे पर 1675 रुपए तक खर्च किया गया है। इतने खर्च के बाद भी पौधों की सुरक्षा के लिए पंचायत द्वारा न तो ट्री-गार्ड तक नहीं लगाए गए है। यह सिर्फ कागजों में ही काम कर रहे हैं। हकीकत यह है कि, गांवों में लगे पौधे भगवान भरोसे हैं। खुले में लगे नन्हें पौधों को आवारा मवेशियों ने अपना चारा बना लिया।

### पंचायतों में इन स्थानों पर रोपे गए थे पौधे

ग्राम पंचायत में किए गए पौधारोपण के दौरान 150 पौधे ग्राम पंचायत भवन, व गौठान में पौधे लगाए गए थे। पौधारोपण में जो पौधे रोपे गए उनमें कई पौधे छायादार, फल दार पौधे रोपे गए थे। जंहा आज के एक भी पौधे नजर नही आ रहे है।

# भाजपा का दो दिनी प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं को दिया संगठन मजबूती का मंत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठनात्मक मजबूती हेतु आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत गुण्डरदेही मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर रविवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पाटएँ की विचारधारा और आगामी लक्ष्यों के प्रति प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखजएँ के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। प्रथम दिन के सत्रें में संगठन की कार्यपद्धति पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य वक्ता प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, भाजपा प्रवक्ता जितेंद्र साहू और पूर्व विधायक बिरेंद्र साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। विशिष्ट उपस्थिति मे जिला उपाध्यक्ष ठाकुरराम चंद्राकर, लेखराम साहू, पूर्व विधायक राजेंद्र राय, प्रमोद जैन अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

- दीप प्रज्वलन से हुआ प्रशिक्षण का शुभारंभ, बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रहे उपस्थित

द्वितीय दिन प्रशिक्षण के दूसरे दिन सभी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्मन की बात कार्यक्रम को सुना। इसके पश्चात सांगठनिक विषयों और आगामी कार्ययोजनाओं पर सत्र आयोजित किए गए। मुख्य वक्ता दूसरे दिन के प्रमुख वक्ताओं में जिला भाजपा उपाध्यक्ष टीनेश्वर बघेल, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष हरीश कटझरे, अश्वनी यादव शामिल रहे।

### ये रहे उपस्थित

वही पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनमे प्रमुख पदाधिकारी अध्यक्ष जिला पंचायत तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन अध्यक्ष, मंडल अध्यक्षयुवराज मारकंडे, अध्यक्ष जिला भाजयुमो गुलशन साहू, अध्यक्ष महिला मोर्चा संतोषी साहू, सहभागी सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, सौरभ चोपड़ा, हरीश निषाद, विनोद चंद्राकर, शैल महोबिया, छगन सोनकर, संतोष नेताम ,शैलेन्द्र निषाद, तेजराम साहू, हेमंत सोनकर, गोकुल निषाद, हेमपुष्पा साहू, पूजा बिंझेकर, दमयंतिन मारकंडे, नीतीश राजा सोनकर, सूरज यादव, लालवीर राजपूत सहित समस्त मंडल कार्यकारिणी और मोर्चा के सदस्य उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाना है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है, जो बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

# पाठ-योजना निर्माण एवं शिक्षण विधि पर एक दिनी व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा







शैलदेवी महाविद्यालय, अण्डा में बी.एड. एवं डी.एल.एड. में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए पाठ-योजना निर्माण एवं शिक्षण विधियां विषय पर व्याख्यान का सफल आयोजन हुआ। चेयरमैन, राजन कुमार दुबे, शैलदेवी महाविद्यालय ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सफल व्याख्यान हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. के. नागमणी, सहायक प्राध्यापक, कल्याण महाविद्यालय, भिलाई थे।

- व्याख्यान में विद्यार्थियों को सृजनात्मक एवं व्यवहारिक शिक्षण के लिए किया प्रेरित

व्याख्यान विषय का परिचय देते हुए डॉ. रजनी राय, विभागाध्यक्ष, शिक्षा संकाय ने कहा कि किसी भी कार्य की सफलता के लिए पूर्व नियोजित एवं व्यवस्थित कार्य-योजना का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षक-प्रशिक्षण से पूर्व प्रभावी पाठ-योजना निर्माण के महत्व को समझाते हुए कहा कि यह शिक्षण की विधियों, प्रविधियों एवं प्रक्रियाओं को परिणामदायक बनाता है। उन्होंने वृक्ष के प्राकृतिक विकास का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को निरंतर सीखने एवं अपने ज्ञान को विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य वक्ता डॉ. के. नागमणी ने अपने व्याख्यान में पाठ-योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षण से पूर्व पाठ-योजना का निर्माण अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि लिखित पाठ-योजना संभव न हो, तो मानसिक रूप से अवश्य इसकी रूपरेखा तैयार करनी चाहिए। उन्होंने ब्लूम टैक्सो नॉमी के विभिन्न आयामों की व्याख्या करते हुए महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित "नई तालीम" के सिद्धांतों को उदाहरण सहित प्रस्तुत किया।

उन्होंने आगे बताया कि "नई तालीम" आधारित पाठ-योजना के माध्यम से विषयों को सरल एवं व्यवहारिक बनाया जा सकता है, जिससे विद्यार्थियों में कौशल एवं सृजनात्मकता का विकास होता है। उन्होंने बुनियादी शिक्षा के माध्यम से व्यावसायिक कौशल के विकास, सामाजिक, नैतिक एवं वैज्ञानिक मूल्यों के संवर्धन तथा ज्ञानात्मक, भावात्मक एवं क्रियात्मक पक्षों के समन्वय पर विशेष बल दिया। विद्यार्थियों को मिट्टी के खिलौने, दीपक एवं अन्य कलात्मक वस्तुओं के निर्माण जैसे सृजनात्मक कार्यों हेतु प्रेरित करना। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक विषय की प्रकृति भिन्न होती है, अतः उसके अनुरूप तैयारी करना आवश्यक है। एक प्रभावी पाठ-योजना ही एक सफल शिक्षक और श्रेष्ठ विद्यार्थी के निर्माण का आधार होती है। जिसे सरल, रोचक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया तथा अंत में विद्यार्थियों के प्रश्नों के सारगर्भित उत्तर दिए। कार्यक्रम का मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्यामसुन्दर पटनायक,सहायक प्राध्यापक, शिक्षा संकाय द्वारा किया गया।यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

### रामनवमी उत्सव पर दिखी संस्कृति की झलक छात्रों ने की सहभागिता

**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा रामनवमी पर सांस्कृतिक उत्सव आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता दी। अतिथि के रूप में शोभा भारती ग्रुप की संयुक्त निदेशक शालिनी चंद्रकार, विभाग प्रमुख डॉ. मनोज मौर्य, डीएसडब्ल्यू डॉ. स्वाति पांडे, डॉ. हुल्लाश चौहान, डॉ. आस्था चतुर्वेदी, डॉ. अखिलेश सेन, डॉ. नीलम त्रेहन, डॉ. दुर्गा श्रीवास्तव, श्रीमती नीतू साहू और सुश्री सृष्टि महापात्रो उपस्थित थे।उत्सव का मुख्य आकर्षण शैक्षणिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की श्रृंखला थी, जिसमें रामायण की अनकही कहानियां विषय पर कहानी वाचन, रंगोली और प्रश्नोत्तरी क्विज प्रमुख थी।

# ब्लॉक कांग्रेस की पहली परिचयात्मक बैठक संगठन सृजन अभियान को लेकर बनी रणनीति

## ब्लॉक अध्यक्ष रतिराम कोसमा के नेतृत्व में संगठन मजबूत करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा





संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत दल्ली राजहरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी गठन के बाद पहली परिचयात्मक बैठक उत्साह और ऊर्जा के माहौल में सम्पन्न हुई। कांग्रेस कार्यालय में आयोजित इस बैठक में जिला स्तर के प्रमुख पदाधिकारियों की मौजूदगी ने कार्यकर्ताओं में नई ताकत का संचार किया।

- वार्ड चलो, बूथ चलो अभियान की बनाई गई रणनीति

बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष वीरेश ठाकुर ने दल्ली राजहरा की सामाजिक विविधता को इसकी सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र "लघु भारत" की झलक प्रस्तुत करता है, जहां अलग-अलग राज्यों से आए लोग अपनी-अपनी संस्कृति, भाषा और परंपराओं के साथ एकता का उदाहरण पेश करते हैं। इस विविधता को संगठन की शक्ति बनाकर कांग्रेस लगातार जनसंपर्क और जनहित के कार्यों के माध्यम से अपनी पकड़ मजबूत कर रही है।

वीरेश ठाकुर ने विश्वास जताया कि ब्लॉक अध्यक्ष रतिराम कोसमा के नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा और आगामी चुनाव में कांग्रेस को मजबूत बढ़त मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर आमजन के मुद्दों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों मेघनाथ साहू और प्रकाश आर्य ने संगठन सृजन अभियान की आगामी रणनीति साझा करते हुए बताया कि अब पार्टी का फोकस "वार्ड चलो, बूथ चलो" अभियान पर है। इसके तहत प्रत्येक वार्ड और बूथ स्तर पर कमेटियों का गठन किया जाएगा, जिससे संगठन की जड़ें और मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि हर बूथ में स्थानीय सक्रिय नेताओं को जिम्मेदारी देकर उन्हें बीएलए नियुक्त किया जाएगा, ताकि चुनाव के दौरान बूथ स्तर पर प्रभावी नेतृत्व सुनिश्चित हो सके।





बैठक में नवगठित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, मंडल एवं सेक्टर अध्यक्ष, जिला कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य और पार्षदगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

बैठक के अंत में ब्लॉक अध्यक्ष रतिराम कोसमा ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत दल्ली राजहरा में लगातार गतिविधियां तेज की जाएंगी और हर कार्यकर्ता को जिम्मेदारी के साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास और जनता के विश्वास को मजबूत करना है।

# 32वां महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव भव्यता से मनाने की तैयारियां पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

परिक्षेत्रीय महावीर जन्मकल्याणक समिति जामगांव आर का 32 वां वर्ष महोत्सव जैन भवन जामगांव आर में भव्यता के साथ मनाने अध्यक्ष मनीष बैद, कोषाध्यक्ष आशीष कोचर ने तैयारियो का जायजा लेते हुए जैन श्री संघ जामगांव आर सदस्यों को प्रभार वितरण किए।

- समिति पदाधिकारियों ने तैयारियों का लिया जायजा, सौंपे दायित्व

महोत्सव में मंचीय संचालन श्वेता मनीष बैंद, भारती आशीष कोचर एवं किंजल शीतल जैन ग्रुप विविध आकर्षक झलकियों के साथ करेंगे। महोत्सव में समसामयिक प्रतिभा, युक्त प्रदर्शन रानीतराई, ओदरागहन, सुरपा, बेलहारी, बटरेल जैन श्री संघ सदस्यों द्वारा किया जाएगा। जैन श्री संघ जामगांव आर के सदस्यों ने विनम्रता के साथ हाथ जोड़कर महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में सपरिवार पधारो सा आमंत्रण प्रेषित किए है।



महोत्सव समिति सदस्य सुरेश बैद, प्रेमचंद सुरेश कुमार चौरडिया ने बताया कि महावीर जन्मकल्याणक दिवस मंगलवार को प्रातः पौने 5 बजे प्रभात फेरी भगवान मल्लिनाथ जैन मंदिर से श्रीराम मंदिर ,महाबली हनुमान मंदिर, नंदी शिवलिंग मार्ग होते हुए पुरानी बस्ती पटेल पारा किसान चौक सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोड होकर गुण्डरदेही मेन रोड स्थित जैन मंदिर पहुंचकर प्रातः वंदन विधि करेंगे।

जैन श्री संघ जामगांव आर अध्यक्ष चंद्रकैलाश बैद, डॉ डालचंद गोलछा ने बताया कि प्रभात फेरी के बाद भगवान मल्लिनाथ जैन मंदिर में पक्षाल के बाद ब्रास केसर पूजा भगवान मल्लिनाथ, पार्श्वनाथ भगवान, धर्म नाथ भगवान, मणिधारी दादा जिनचंद्र सूरी, शांति गुरु देव, लब्धी सुरी जी, मणिभद्रवीर स्वामी,माता चक्रेश्वरी देवी, माता पद्मावती की पूजा अर्चना आरती मंगल आरती भक्त जन करेंगे, तत्पश्चात साढ़े 8 से 9 बजे के बीच भगवान महावीर की भव्य शोभा यात्र नगर में निकलेगी।

कार्यक्रमों के योजना संचालन प्रभारी भारती आशीष कोचर ने बताया कि 10 बजे से मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ किए जा सकेंगे, जिसमें बच्चे, युवा, महिलाएं अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि अतिथि दीर्घा में तीन पीढ़ी के अतिथि मंच पर आसीन रहेंगे। युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करने वाले अतिथि दंत चिकित्सक डॉ श्रेणिक नाहटा, मध्य पीढी का प्रतिनिधित्व करने वाले सुरेश बाफना एवं वरिष्ठ पीढी का प्रतिनिधित्व करते हुए हास्य कवि राधेलाल लोढ़ा मंच पर आसीन रहेंगे।

महोत्सव समिति कोषाध्यक्ष आशीष कोचर ने कहा कि 32 वां वर्ष परिक्षेत्र द्वारा जन्म कल्याणक महोत्सव मनाए जाना सुखद अनुभति देता है। विदित हो कि गांव में एक घर का जैन समाज भव्यता के साथ अपने गांव में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाकर धन्य महसूस करता है। आग्रह पूर्वक श्री कोचर ने कहा कि आस पास किसी भी गांव का जैन धर्म अनुयायि अपने गांव में महोत्सव आयोजित करना चाहता है तो समिति से भेंट कर अपनी मन की बात रख सकते है। कोचर ने कहा कि कोई भी जैन धर्म अनुयायि भगवान महावीर जन्मकल्याणक मनाने से वंचित ना होवे, जहां सुविधा हो वहां के आयोजन में शामिल हो जाए।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 30 मार्च 2026

10 जल संरक्षण का संदेश देने के लिए छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला



8 मुख्य बाजार में बिजली केबल चोरी, चोरों के हौसले बुलंद





## खबर संक्षेप

### मन की बात में छत्तीसगढ़ के किसानों की सराहना

**बालोद।** प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम प्रदेश के कोरिया क्षेत्र के किसान ने अमिट छाप छोड़ी है। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कोरिया क्षेत्र के किसान जमकर तारीफ की। प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन ने कहा यहां के किसान देश के लिए मिसाल है। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने चर्चित रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 132वें एपिसोड में छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के किसानों की खूब तारीफ की है। उन्होंने अन्नदाताओं द्वारा ग्राउंड वाटर पर किए गए काम की सराहना करते हुए उन्हें बाकी के किसानों के लिए प्रेरणादायक बताया है। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात में कोरिया जिले के किसानों के जल संरक्षण के प्रयासों की सराहना को बीजेपी के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय बताया है। जैन ने कहा कि यह पहल दर्शाती है कि छत्तीसगढ़ के किसान न केवल अन्नदाता हैं, बल्कि वे पर्यावरण के प्रति भी जागरूक हैं और अपनी समस्याओं का समाधान खुद खोजने में सक्षम हैं। बता दे कि कोरिया के किसानों द्वारा अपनाए गए ग्राउंड वाटर जैसे प्रभावशाली आईडिया की पीएम मोदी ने खूब प्रशंसा की है और इस आईडिया ने किस तरह से जिले की तस्वीर बदली है उस पर भी बात किया है।



### जवाहर नवोदय विद्यालय में वेदांत गौर का चयन

**दल्लीराजहरा।** नर्राटोला के प्रतिभाशाली छात्र वेदांत गौर ने जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 13वीं रैंक हासिल कर अपना चयन सुनिश्चित किया। वेदांत की इस उपलब्धि ने न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। वेदांत गौर, पिता रामकुमार गौर, ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति अटूट समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। सरस्वती शिशु मंदिर कुसुमकसा के शिक्षकों और विद्यालय परिवार ने वेदांत की इस सफलता को सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। विद्यालय के व्यवस्थापक बी.के. मिश्रा ने कहा कि वेदांत शुरू से ही मेधावी और अनुशासित छात्र रहा है, वहीं प्रधानाचार्य नंद लाल कोसमा ने इसे विद्यालय के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि आने वाले समय में अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।



### हनुमान जयंती पर भव्य कार्यक्रम

**लाटाबोड़।** प्राचीन दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर समिति ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासी बोरी (पुरानापारा) के तत्वाधान मे 2 अप्रेल को हनुमान जयंती का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें आप सादर आमंत्रित है समिति के सरंक्षक बीरबल साहू ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की भव्य कलश यात्रा की शुरुवात प्रातः होगी। वही हनुमान मंदिर में पूजन अर्चना भी होगी। वही भोजन महाप्रसादी भंडारा का कार्यक्रम शाम को होगा। उसके बाद जय मां गौरैया जस झांकी परिवार ग्राम मोहलाई (कुरदी) रात्रि में रखा गया है।

### गेहूं के फसल में लगी आग, जलकर खाक

**भिलाई।** गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते भीषण आग में बदल गई। मिली जानकारी के मुताबिक करीब 500 एकड़ में फैली गेहूं की फसल आग के चपेट में आ गई। घटना ग्राम धमधा स्थित ग्राम खिलोराखुर्द की है।




कलेक्टर दिव्या ने दी बधाई और शुभकामनाएं

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में निकिता ने जीता स्वर्ण पदक, जिले का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/दल्लीराजहरा

जिले की खेल प्रतिभाएं अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं।

इसी कड़ी में बालोद जिले की होनहार बेटी निकिता ठाकुर ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में स्वर्णिम सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। निकिता ने महिला 77 किलोग्राम भारोत्तोलन वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में कुल 160 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। निकिता ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में प्रदेश को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। प्रदेश का निकिता के स्वर्ण पदक से पदक तालिका में सोने का खाता खुला। निकिता विकासखंड डौंडी के ग्राम भर्रिटोला–36 की रहने वाली है। निकिता की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जिले की कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने उन्हें और उनके परिवार को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। निकिता की सफलता की सराहना करते हुए कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने कहा कि निकिता ने अपने कड़े परिश्रम, समर्पण और अटूट दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने इस जीत को पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय बताया। उन्होंने कहा कि निकिता ठाकुर की यह जीत केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता नहीं है, बल्कि यह उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणा है जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए जी–जान से जुटे हैं।

उनका संघर्ष यह साबित करता है कि यदि मेहनत सही दिशा में हो और मार्गदर्शन उचित मिले, तो कोई भी लक्ष्य नामुमकिन नहीं है।

**मार्गदर्शन से मिली सफलता**

उल्लेखनीय है कि आदिवासी विकासखंड डौंडी के ग्राम भर्रिटोला–36 की रहने वाली निकिता पिछले तीन वर्षों से वेटलिफ्टिंग का अभ्यास कर रही हैं। दल्लीराजहरा में कोच अनिता शिंदे के मार्गदर्शन में उन्होंने अपनी तकनीक को बेहतर बनाया। निकिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता के सहयोग और अपनी कोच की प्रेरणा को दिया है।

## आयोजन : प्रतिभाओं का सम्मान, नेत्रहीन बालिका को बांटे हारमोनियम

# नशामुक्त समाज और उच्च शिक्षा पर जोर, शिक्षा से ही समाज का विकास संभव : केंद्रीय मंत्री डॉ. राजभूषण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/डौंडीलोहारा

- विधायक कुंवर सिंह निषाद ने की अध्यक्षता
- सामूहिक विवाह में वर–वधुओं को दिया आशीर्वाद

शिक्षा किसी भी राष्ट्र एवं समाज के विकास की आधारशिला है। शिक्षा के बिना किसी भी व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र की विकास की परिकल्पना नही की जा सकती है। इसलिए निषाद केंवट समाज के लोगों को अपने बाल बच्चों की पढ़ाई–लिखाई कर विशेष ध्यान देना चाहिए।

उक्त बाते केन्द्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने ग्राम नर्मदाधाम सुरसुली में जिला निषाद (केंवट) समाज द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन में कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं निषाद (केंवट) समाज के प्रदेशाध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद ने किया। विशेष अतिथि के रूप में संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नोहरू राम निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, राष्ट्रीय संत गोपाल नंदन गिरी, डॉ. बीके कश्यप, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जनपद अध्यक्ष कांति सोनबरसा, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, प्रभा नायक, चंद्रेश हिरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री डॉ चौधरी ने निषाद समाज के लोगों को नवोदित पीढ़ी को उच्च शिक्षित बनाने तथा नशापान से सर्वथा दूर रहने समझाईश भी दी। उन्होंने निषाद समाज के वार्षिक अधिवेशन के दौरान आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत परिणय सूत्र में बंधने वाले वर–वधुओं के बीच पहुंचकर उन्हें अपना आशीर्वाद भी प्रदान किया। मंत्री डॉ.चौधरी ने कहा कि शिक्षा शेरनी के दुध के समान है, जो पियेगा वो जरूर दहाड़ेगा। डॉ. चौधरी ने नशापान को समाज के पतन का मुख्य कारण बताते हुए समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में कार्य करने कहा। डॉ. चौधरी ने कहा कि हमारे आने वाली पीढ़ी तथा बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए माता–पिता का त्याग भी अत्यंत आवश्यक है।





### निषाद समाज का इतिहास विरासत अत्यंत वैभवशाली

इस अवसर पर डॉ. चौधरी ने निषाद समाज की गौरवशाली विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निषाद समाज का इतिहास एवं विरासत अत्यंत वैभवशाली है। निषाद समाज के लोगों को त्रेता युग में भगवान श्री राम को नौका पार कराने का सुअवसर प्राप्त हुआ था। इसके अलावा कलकत्ता की विश्व प्रसिद्ध काली मंदिर के निर्माण, महाराष्ट्र की राजधानी मुम्बई के नामकरण तथा हड़प्पा संस्कृति के निर्माण में निषाद समाज की लोगों की बहुमूल्य भूमिका रही है। डॉ. चौधरी ने छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में निषाद समाज के विद्यार्थियों के लिए छात्रवास निर्माण के लिए मदद उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों की सराहना की। डॉ. चौधरी ने समाज के नवयुवकों एवं विद्यार्थियों को बड़ा सपना देखने तथा उसे हासिल करने के लिए पूरे मनोयोग से लग जाने को कहा। राष्ट्रीय संत गोपाल नंदन गिरी ने निषाद समाज के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए निषाद समाज को अत्यंत वैभवशाली समाज बताया। संत गुहा निषाद राज वंश के वंशज डॉ. बीके कश्यप ने निषाद समाज के दशा और दिशा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस अवसर पर मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी एवं अतिथियों ने विभिन्न क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाले निषाद केंवट समाज के प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान केन्द्रीय राज्य मंत्री ने निषाद समाज के नेत्रहीन बालिका ▸▸| शेष पेज 08 पर

# जिले में नहीं थम रही गौ तस्करी, 9 तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- सरकार गौ संवर्धन पर जोर, फिर भी जारी तस्करी, 56 गौवंश मुक्त कराए गए

जिले में गौ तस्करी रूकने का नाम नही ले रही है। एक ही दिन में तीन अलग अलग स्थानो में गौवंश की तस्करी करते कुल 56 बैलो को कुल 09 तस्करो के साथ पकड़ा गया। मामले में देर शाम तक मामले में पुलिस कार्यवाही जारी थी।

एक तरफ सरकार गौधाम योजना प्रारंभ कर प्रदेश में गोबर, गोमुत्र की मानव जीवन में अमृत तुल्य उपयोगिता तथा कृषि में गोबर, गोमुत्र की लाभदायकता को प्रचारित प्रसारित कर गौवंश की उपयोगिता को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास कर गौ संवर्धन का प्रयास कर रही है, लेकिन दूसरी ओर गौवंशो की बिक्री धड़ल्ले से जारी है। वही बेखौफ दलाल, कोचिए, करहीभदर और खेरथा बाजार जैसे मवेशी बाजार और स्लिपर सेल की मदद से गौ वंश की तस्करी को अंजाम दे रहे है। पहले मामले में गौ भक्तों, गौ रक्षकों की तत्परता एवं उनकी अगुवाई में पुलिस बल ने ग्राम बेलमांड के पास पैरी शाखा नहर के सुनसान रास्ते में 28 नंदी को मारते पीटते, बगैर चरा, पानी के करहीभदर बाजार ले जाते पकड़ कर कारवाही की। इनके साथ ग्राम कुर्दी के गौ तस्कर भी पकड़ाए है।

इस कार्यवाही में पुलिस के साथ गौ रक्षक गव्यसिद्ध डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत, गुरु सेवा आयोग जिला एवं तहसील सदस्य छगन यादव, गो रक्षक अजय यादव, गव्यसिद प्रमोद साहू, भुनेश्वर कौशिक ने सहयोग किया।

दूसरे मामले में ग्राम बेलमांड में भी गौ सेवको ने पुलिस के सहयोग से 28 गौवंशो को क्रुरता पूर्वक ले जाते हुए पकड़ा गया। बेलमांड में पकड़े गए गौ वंश की कार्यवाही पूरी भी नई हुई थी कि गौ रक्षको को सूचना मिली और 14 बैलों को बी जामगांव के पुलिया के पास पुलिस ने गौ सेवकों की मदद से पकड़ा इनके साथ भी ग्राम कुर्दी के अन्य गौ तस्कर भी पकड़े गए है। तभी तीसरी सूचना मिली कि जगतरा पुल के पास क्रूरता ▸▸| शेष पेज 08 पर

# मुख्य मार्ग से एप्रोच रोड नहीं बनने से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- झलमला से करहीभदार आने वाले राहगिरो को परेशानी

ग्राम करहीभदर से मोखा–जामगांव आर के मध्य बनी मुख्य सड़क का निर्माण दो साल पूर्व किया गया है। इस सड़क से विभिन्न ग्रामो के लिए जाने वाली सड़को के मध्य एप्रोच रोड़ नही बनाने से ग्रामीणो को परेशानी हो रही है।

ग्राम करहीभदर में बाजार चौक स्थित पुराना पंचायत भवन के सामने से ग्राम जामगांव बी व चिराईगोड़ी के लिए सड़क जाती है, इस सड़क को अब तक करहीभदर–मोखा–जामगांव आर मुख्य मार्ग से नही जोड़ा गया है। दोनो सड़को के मध्य का भाग अब भी उबड़ खाबड़ व कच्चा है, इसमे गिट्टी उखड़ रहे है एवं धूल उड़ रही है, जिससे जामगांव बी व चिरईगोड़ी जाने वाले ग्रामीणो तथा झलमला से करहीभदार आने वाले राहगिरो को परेशानी हो रही है। ग्राम विकास समिति करहीभदर अध्यक्ष लीलाराम डडसेना ने बताया कि कई बार सड़क निर्माण एजेंसी को सड़क को ठीक करने कहा गया, लेकिन उसने ध्यान नही दिया जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है।



# ईंधन की कमी को लेकर अफवाहों पर विराम जिले में पर्याप्त भंडार उपलब्ध : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

जिले में ईंधन की आपूर्ति को लेकर फैल रही विभिन्न चर्चाओं और आशंकाओं के बीच कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने आम जनता के लिए महत्वपूर्ण संदेश जारी किया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जिले में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, इसलिए नागरिकों को घबराने या अनावश्यक भंडारण करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने और आपूर्ति सुचारू रूप से शुरू होने की बात कही है। पिछले कुछ दिनों से ईंधन की कमी को लेकर सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से भ्रम की स्थिति पैदा हो रही थी। इस पर विराम लगाते हुए कलेक्टर दिव्या मिश्राने कहा कि प्रशासन आपूर्ति श्रृंखला पर निरंतर नजर बनाए हुए है। जिले के सभी पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों के पास वर्तमान में नागरिक उपयोग के लिए पर्याप्त मात्र में स्टॉक मौजूद है।

कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे ईंधन का उपयोग विवेकपूर्ण और जरूरत के हिसाब से ही करें। उन्होंने कहा की जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है। नागरिक अपनी दैनिक आवश्यकता ▸▸| शेष पेज 08 पर



## भारी भीड़ और अव्यवस्थित पार्किंग से यातायात व्यवस्था चरमराई

# साप्ताहिक बाजार में दल्लीराजहरा की सड़कों पर लगा जाम, यातायात व्यवस्था बेपटरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा में रविवार की दोपहर उस समय हालात बेकाबू नजर आए, जब साप्ताहिक बाजार के दौरान शहर की मुख्य सड़कों पर यातायात पूरी तरह चरमरा गया। बाजार में उमड़ी भीड़, अव्यवस्थित पार्किंग और बीच सड़क पर खड़े भारी वाहनों ने हालात को इतना गंभीर बना दिया कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। दल्लीराजहरा शहर के प्रमुख मार्गों पर घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

रविवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में आसपास के सैकड़ों गांवों से फुटकर व्यापारी और खरीदार बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। लेकिन इस भीड़ को संभालने के लिए न तो पर्याप्त यातायात व्यवस्था दिखी और न ही किसी प्रकार की पूर्व तैयारी। नया बाजार क्षेत्र में दुकानों के सामने और सड़क के किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहन जाम का प्रमुख कारण बने।



स्थिति तब और बिगड़ गई जब एक मालवाहक ट्रक बीच सड़क पर खड़ा कर दिया गया, जिससे सड़क पूरी तरह संकरी हो गई। इसके चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोग घंटों तक जाम में फंसे रहे। मौके पर यातायात नियंत्रण के लिए पुलिस की उपस्थिति नगण्य रही, जिससे अव्यवस्था और बढ़ती गई।

स्थानीय राहगीरों और दुकानदारों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हर रविवार को यही स्थिति बनती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठाते। एक राहगीर उपेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि बच्चों और बुजुर्गों के साथ बाजार आना किसी चुनौती से कम नहीं, सड़क पर चलना तक मुश्किल हो जाता है। वहीं एक व्यापारी आकाश कुमार ने कहा कि व्यवस्था के अभाव में ग्राहकों को भी परेशानी होती है, जिसका असर व्यापार पर पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब हर सप्ताह बाजार लगता है, तो प्रशासन को पहले से ट्रैफिक प्लान तैयार करना चाहिए। बावजूद इसके न तो वाहनों के लिए पार्किंग की उचित व्यवस्था की गई और न ही भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया। शहर में ▸▸| शेष पेज 08 पर

### अतिरिक्त जवानों की तैनाती की जाएगी

इस संबंध में नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले ने बताया कि बाजार के दौरान भीड़ अधिक होने के कारण अचानक दबाव बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में अतिरिक्त जवानों की तैनाती और ट्रैफिक डायवर्जन की व्यवस्था की जाएगी, ताकि ऐसी स्थिति से बचा जा सके।

- **विकास पाटले,** नगर पुलिस अधीक्षक

# पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला ने डॉ. रमन सिंह से की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके निवास पहुंचकर भेंट मुलाकात की तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने माता जगदम्बे भवानी से डॉ. रमन सिंह के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ, स्वस्थ जीवन, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

इस दौरान बालोद जिला साहू समाज अध्यक्ष महेन्द्र साहू सहित साहू समाज के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर डॉ. रमन सिंह के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### नियुक्ति के बाद पूर्व सीएम बघेल का जताया आभार



भिलाई। दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस कमेटी महामंत्री राम कुमार सूर्यवंशी को पाटन विधानसभा ब्लाक कांग्रेस जामगांव आर का प्रभारी बनाया गया है। जिसे लेकर राम कुमार सूर्यवंशी ने आभार जताने भिलाई तीन में पूर्व सीएम भूपेश बघेल, अध्यक्ष राकेश ठाकुर और चैतन्य बघेल से गुलदस्ता के साथ मुलाकात किया। इस दौरान राम कुमार सूर्यवंशी ने कहा जिस विश्वास से जिम्मेदारी दी गई है उसे ईमानदारी के साथ निभाउंगा। इस अवसर पर पार्षद भारती सूर्यवंशी समेत समर्थक पहुंचे थे।

### किराया वृद्धि पर जताया रोष दी आंदोलन की चेतावनी



**भिलाई।** शनिवार को सिविक सेंटर स्थित मोनूमेंट में सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ भिलाई की सप्ताहिक बैठक हुई। बैठक में संघ के अध्यक्ष सुरेश चंद सहित अन्य सदस्यों ने किराये के प्रति रोष जताया।बैठक में बताया गया कि प्रबंधन के अमानवीय रवैये पर अब संगठन कठोर कदम उठाने पर मजबूर हो चूका है। अब सेवनिवृत कार्मिक कल्याण संघ ने निर्णय लिया है कि अप्रैल माह में किराया यदि बढ़ा हुआ आता है तो संगठन द्वारा आंदोलन का रुख अपनाया जाएगा। जनप्रतिनिधियों के द्वारा दिए गए आश्वासन के कारण संघ अभी तक किसी भी कठोर आंदोलन से दूर थी लेकिन प्रबंधन का जनप्रतिनिधियों का इस प्रकार अनदेखा करना और लगातार रेटेंशनधारियों को नोटिस भेज कर परेशान करना अब और नहीं सहा जाएगा। इसलिए सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ के सभी सदस्यों ने सर्व सहमति से आंदोलन करने का निर्णय लिया है। प्रबंधन का एकतरफा रवैया थर्ड पार्टी से अपनापन एवं सेवा निवृत कर्मियों के साथ किया गया सौतेला व्यवहार पूर्व कर्मियों के रोष का कारण बन चुका है।

## निधन

### तुलसा यादव



**गुरूर।** ग्राम पुरूर निवासी तुलसा यादव का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे त्रिभुवन यादव, मुकेश यादव, पुर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र यादव, राजेन्द्र यादव, किशोर यादव की मां थी।

### सोहद्री बाई



**बालोद।** ग्राम मटिया पी निवासी सोहद्री बाई का निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, वे गैंदालाल रजक की पत्नी, कृपाराम रजक, करण लाल रजक की मां थी।

---

**कार्यक्रम:** चिटौद प्राथमिक स्कूल में बच्चों ने की पहल


# जल संरक्षण का संदेश देने के लिए छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

चिटौद प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने जल शब्द की मानव श्रृंखला बनाई। कल नहीं आज करो, जल बचत की बात करो, इन नारों के सांथ बच्चों ने जल संचय जन भागीदारी हेतु 21 नारों में आह्वान किया। कक्षा शिक्षक ईश्वरी कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि जल संचय जन भागीदारी भारत सरकार का एक सामुदायिक-आधारित जल संरक्षण अभियान है, जो वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण के लिए जनता की सक्रिय भागीदारी पर जोर देता है। यह अभियान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रें में तालाबों की सफाई, चेक डैम निर्माण और रूफटॉप हार्वेस्टिंग जैसी गतिविधियों के माध्यम से जल सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इसमें जल निकायों से अतिक्रमण हटाना और तालाबों से गाद निकालना शामिल है ताकि उनकी भंडारण क्षमता बढ़ सके। कुओं, तालाबों को गहरा करना है, खुले नल को बंद करना है, घर के छत से गिरते पानी को बचाना है, हर घर कुआं खोदें, नल में बहते पानी देखकर हम खुद बंद करेंगे जैसे जीवनोपयोगी बहुमूल्य सुझाव को कक्षा 5 वीं के विद्यार्थियों ने अपने पर्यावरण चित्रें के साथ उल्लेखित किया, सभी विद्यार्थियों ने मिलकर जल शब्द पर मानव श्रृंखला निर्मित कर एकजुट होकर इस अति महत्वपूर्ण कार्य में सहभागी बनने को प्रेरित किया।

■ कुओं-तालाब गहराने और वर्षा जल संचयन पर दिया जोर






शिक्षको ने बच्चों को जागरूक करते हुए बताया कि शिक्षा ज्ञान बढ़ाती है, पानी जान बचाती है, जल का हम समझें मोल, मिले सहज पर है अनमोल। पानी का दुरुपयोग जहां, कष्टों का प्रवेश वहा। कल नहीं आज करो, जल बचत की बात करो। जल जागरुकता लानी है, जीवन स्तर उठानी है। जल प्रबंधन नेक हो, सारा देश एक हो जैसे 21 नारों के संग विद्यार्थियों ने समस्त ग्रामवासियों, जनसमुदाय से अनुरोध किया कि जल सुरक्षा के लिए जनांदोलन के माध्यम से जलवायु लचीलापन को मजबूत करने हेतु आगे आएं।

## श्री पार्श्वनाथ दिव्यांग विद्यालय उमरादाह में नए सत्र के लिए 1 अप्रैल से प्रवेश प्रारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय से 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम उमरादाह में स्व. सुल्तानमल सजनादेवी चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री पार्श्वनाथ दिव्यांग विद्यालय मुखबधिर स्कूल का संचालन विगत 4 वर्षो से किया जा रहा है, जहाँ पर मुखबधिर बच्चों को निःशुल्क शिक्षा एवं आवास की सुविधा दी जाती है। नए सत्र 2026-27 के लिए स्कूल एवं आवास के प्रवेश प्रारंभ 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगा

■ मुखबधिर बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा एवं आवास की सुविधा

ट्रस्ट के अध्यक्ष गौतम बाफना ने बताया कि मुखबधिर स्कूल में पिछले सत्र में 32 बच्चे शिक्षा का लाभ ले रहे है। ट्रस्ट के सचिव अरुण जैन ने सभी से अपील करते हुए कहा कि इस वर्ष भी नए सत्र के लिए स्कूल एवं आवास के प्रवेश प्रारंभ 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगा, उन्होने कहा आप सभी के परिचित में कोई ऐसा दिव्यांग बच्चा हो तो हमसे संपर्क करके उनका प्रवेश निःशुल्क करवा सकते है।

ट्रस्ट के माध्यम से मुखबधिर बच्चों के लिए कक्षा पहली से छठवी तक निःशुल्क आवास एवं शिक्षा की सुविधा प्रदान की जाती है, जो कोई भी मुखबधिर बच्चों का इन विद्यालय में प्रवेश करवाना चाहते हो तो 1 अप्रैल से 30 जून तक समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक एडमिशन हेतु आवेदन फार्म श्री पार्श्वनाथ दिव्यांग स्कूल उमरादाह के स्कूल प्रांगण में पहुंचकर फार्म भरकर अपना एडमिशन करवा सकते है। विद्यालय में प्रवेश, आवास एवं शिक्षा सभी निःशुल्क है।

## एक दिनी डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

युवा संगठन ग्राम डोकला द्वारा एक दिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसके उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थी। अध्यक्षता सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू ने किया। विशेष अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, सरपंच ग्राम पंचायत दरगहन त्रिभा अश्वनी बंजारे, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर संतोशी होरीलाल साहू, भाजपा किसान मोर्चा गुरूर मंडल देवचंद साहू, रामनारायण भैसारिया, गिरधर सिन्हा, तिले"वर तारम, संरक्षक ग्राम विकास समिति खुलास नेताम उपस्थित थे। समापन समारोह आज होगा। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा करेंगी। अध्यक्षता अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर डॉ किशोर साहू करेंगे। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत दरगहन त्रिभा अश्वनी बंजारे, महामंत्री ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर सुतीम राजा राजपूत, सचिव ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर शिवम् कुरैटी, सेक्टर अध्यक्ष गुलेन्द्र कतलाम, पंच ग्राम पांयत दरगहन भूशण पूरी गोस्वामी, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति बरदानी ठाकुर, उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति पीआर सिन्हा, सचिव ग्राम विकास समिति तुलेश कुंजाम, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत दरगहन विजयेन्द्र धुवे, ग्राम पटेल बावा लाल बंजारे, बोधीराम नेताम, तुलेश कुमार साहू मंचासीन रहेंगे।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के तत्वाधान में आध्यात्मिक मेला 3 अप्रैल से

**बालोद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में आमापारा किलकारी बगीचा में आध्यात्मिक मेला का आयोजन किया जा रहा है। आध्यात्मिक मेला 3 अप्रैल से प्रारंभ होगा 7 अप्रैल तक शिवदर्शन होगा। जिसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। जिसमें 40 फीट ऊंचा शिवलिंग, ध्वनि एवं प्रकाश से सुसज्जित कुंभकरण की चैतन्य झांकी, द्वादश ज्योतिर्लिंगम दर्शन, आत्मदर्शन व परमात्म दर्शन, व्यसन मुक्त जीवन शैली, राजयोग की विजुअल ऑडियो विशेष अनुभूति, मूल्य आधारित गेम्स बच्चों के लिए यह विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा। जिसका समय प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक एवं सायं 5 से 10 बजे तक रहेगा। बालोद की मुख्य संचालिका बी.के. विजयलक्ष्मी दीदी ने बालोद जिला वासियों से विशेष अपील की है कि इस मेला का लाभ जरूर लेवे।



## अष्टलक्ष्मी युवा विनिमय कार्यक्रम में राकेश कुमार की टीम प्रथम स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



अष्टलक्ष्मी युवा विनिमय कार्यक्रम में राकेश एवं उसकी टीम नें प्रथम स्थान प्राप्त किया। गुवाहाटी असम में मिनिस्ट्री ऑफ डोनर द्वारा आयोजित अष्टलक्ष्मी युवा विनिमय कार्यक्रम में भाग लेकर राकेश कुमार ने अपनी सहभागिता निभाई।

इस दौरान उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों की कला, संस्कृति एवं प्राकृतिक सुंदरता को नजदीक से जाना। कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्वोत्तर राज्य में विद्रोह एवं शांति स्थापना विषय पर उन्होंने अपनी टीम के साथ पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दिया। इस प्रस्तुति में उनकी टीम राकेश कुमार, डीकेश छत्तीसगढ़, प्रयान्त एवं ऐश्वर्या दिल्ली ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ की टीम ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी समृद्ध परंपरा एवं संस्कृति को असम में प्रदर्शित किया। साथ ही प्रतिभागियों को इंडिया इस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गुवाहाटी के प्रोफेसरों एवं छात्र-छात्रओं से संवाद करने का अवसर भी प्राप्त हुआ, जिससे उन्हें शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक अनुभवों का आदान-प्रदान करने का लाभ मिला, कार्यक्रम में राज्यपाल नें प्रतिभागियो से भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से कुल 20 प्रतिभागियों के साथ नोडल अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ठाकुर एवं डॉ. उषा राठौर भी सम्मिलित हुए।

## भक्त माता कर्मा की 1010 वीं जयंती मनाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

बेल्हारी में भक्त माता कर्मा की 1010 वीं जयंती मनाई गई। साहू समाज द्वारा माता कर्मा की विशेष पूजा अर्चना एवं भव्य शोभायात्र का आयोजन किया गया।

जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु एवं ग्रामीण शामिल हुए। मुख्य अतिथि कल्पना नारद साहू ने कहा कि भक्त माता कर्मा साहू समाज का इतिहास गौरवपूर्ण और वैभवशाली होने का प्रमाण है। भक्त माता कर्मा दानवीर भामाशाह,राजीम माता साहू समाज की प्रेरणा स्त्रेत है। कर्मा माता के त्याग और तपस्या से प्रेरणा अपना जीवन संवारना चाहिए। इस दौरान सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू के साथ अध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन लालेश्वर साहू, अध्यक्ष परि. साहू समाज बेल्हारी टेसराम साहू, सरपंच बेल्हारी अमित अग्रवाल, सरपंच गातापार रेवाराम साहू, सरपंच आगेसरा रमाकांत साहू, सरपंच नवागांव बी कविता साहू, संरक्षक साहू समाज बेल्हारी कमलेश्वर साहू, तोरणलाल साहू मंचासिन रहे।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता डीआर साहू, बालाराम साहू, अनीता साहू, झामन साहू, नोहर साहू, मनोहर साहू, शिवकुमार साहू, तिलक साहू, ठाकुरराम साहू, रोमन साहू, रामलाल साहू, झाडूराम साहू, संतोष साहू, कमलेश साहू, तुषार साहू, उमंग साहू, लोकेश साहू, कीर्तन साहू, उमेश साहू, हरीशचंद साहू, पत्रिका साहू, निर्मला साहू, संत्री साहू, मंगलिन साहू,सत्यभामा साहू, गुमेश्वरी साहू सहित समस्त साहू समाज उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रोमलाल अष्टबंधु ने किया।

## एपीएस की छात्राओं ने देखी केरला स्टोरी मूवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा की 9वीं से 11वीं तक की 30 छात्राओं ने बालोद के पाची सिनेमा में 28 मार्च शनिवार को 12:00 से 3:00 बजे वाले शो में फिल्म देखी।

इस फिल्म को धर्म जागरण मंच संयोजक सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा फ्री में दिखाया गया। आयोजन समिति सदस्यों द्वारा इस फिल्म के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। सभी छात्राओं को लवजिहाद की मानसिकता को समझाया गया एवं राष्ट्रीय धर्म पर लव जिहाद का दुष्परिणाम क्या होता है, यह समझाया गया।

फिल्म देखने के बाद छात्राओं को सामाजिक जागरूकता एवं धर्म निष्ठा की शपथ दिलाई गई। इस फिल्म को देखने के बाद सभी छात्राओं ने संतोष व्यक्त किया और सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के पदाधिकारी ने इस मूवी को आयोजन करने वाले समस्त जिला नेतृत्व का आभार माना



## मोदी के मन की बात सुनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहर मण्डल बालोद वार्ड 14 आमापारा में पिछड़ा वर्ग मोर्चा मण्डल महामंत्री जयराम निर्मलकर के निवास में प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम सुनी गई। जिसमे पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री संतोष कौशिक, मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू, मंडल महामंत्री जयराम निर्मलकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रतिमा यादव, पार्षद आशा पटेल, सुनिता मनहर, युवा मोर्चा से अभिन्न यादव, उमराव साहू, देवेन्द्र पटेल, केवल सिह सहित प्रमुख कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### मंच निर्माण का नगर पालिका अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल में वार्ड 20 सुरडुंग में मंच निर्माण के लिए भूमि पूजन नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने किया। इस दौरान नपा अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि पालिका क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है, सभी वार्डों में वार्ड पार्षद के सहमति और आम जनता के अनुरुप विकास कार्य किए जा रहें है। कई विकास कार्यो का निविदा भी किया जा चुका है। शासकीय प्रक्रिया के बाद विकास कार्यो में तेजी आएगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

अनेक गांवों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में हुए शामिल

## रामनवमी पर शीतला मंदिर में ज्योत-जंवारा विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र अंडा चिंगरी विनायकपुर,आमटी, आलबरस, जंजगिरी, अछोटी, कुथरेल, कोनारी, चंदखुरी, खाड़ा रूदा, भोथली, तिरगा, झोला, गनियारी रसमडा, अंजोरा बुराई, डौकीडीह, ओटेबंद, सिरसिदा,परसदा, डगनिया, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, भिलाई, चीचा, ओडारसकरी, मटिया, देवगहन में रामनवमी के पावन अवसर पर शीतला मंदिर में ज्योत-जंवारा विसर्जन कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में माता के भक्त पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए और जयकारों के साथ पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने सिर पर ज्योत और जंवारा लेकर श्रद्धा भाव से यात्रा में भाग लिया। वहीं ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। मंदिर परिसर से शुरू हुई यह शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ ज्योत-जंवारा का विसर्जन किया गया। इस दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के लिए स्थानीय प्रशासन और समिति के सदस्य सक्रिय रहे। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। रामनवमी के इस आयोजन ने दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में आस्था और परंपरा की झलक प्रस्तुत की।



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
27 मई, 10 जून, 12 अगस्त,
02 सितम्बर, 30 सितम्बर 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापर
राशि:-स्लीपर 16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411